# केन्ट में
# आपका स्वागत है

प्रिय ग्राहक,

केन्ट की दुनिया में आपका स्वागत है। केन्ट भारत में वॉटर प्युरिफायर के क्षेत्र में एक जाना माना ब्रॉड है। हमें अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उनके बेहतरीन प्रदर्शन पर गर्व है, जिन्हें प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं ने प्रमाणित किया है। हमारे विभिन्न मॉडलों के साथ आप सदैव खुश रहेंगे ऐसा हमारा विश्वास है।

हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि केन्ट गोल्ड यू एफ मेम्ब्रेन स्टोरेज वॉटर प्युरिफायर के इस्तेमाल से आप लम्बे समय तक सुरक्षित एवं शुद्ध पानी का लाभ पाते रहेंगे, जो आपके और आपके परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। हमें पूर्ण विश्वास है कि ये प्युरिफायर आपको बेहतरीन सर्विस देगा ताकि आप हमेशा संतुष्ट रहें।

इस पुस्तिका में आपको केन्ट गोल्ड यू एफ मेम्ब्रेन स्टोरेज वॉटर प्युरिफायर के वास्तविक परिचालन और व्यावहारिक उपयोग संबंधी जानकारी मिलेगी। कृपया इस पुस्तिका को अच्छे से पढ़ें। अधिक जानकारी के लिए निःसंकोच अपने नज़दीकी केन्ट विक्रेता/शाखा से संपर्क करें। हम आपकी बेहतरीन सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं।

**शुभकामनाओं सहित**

**केन्ट आर ओ सिस्टम्स लिमिटेड**



# सूचिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | परिचय | 1 |
| 2. | बॉक्स में मौजूद सामान | 1 |
| 3. | प्रमुख विशेषताएं | 2 |
| 4. | तकनीकी विवरण | 2 |
| 5. | जानिए अपने केन्ट गोल्ड को | 3 |
| 6. | केन्ट गोल्ड का विस्तृत दृश्य | 4 |
| 7. | महत्वपूर्ण निर्देश | 5 |
| 8. | फिल्ट्रेशन प्रक्रिया | 5 |
| 9. | केन्ट गोल्ड का इन्स्टॉलेशन | 6 |
| 10. | केन्ट गोल्ड का रख–रखाव | 7 |
| | भाग 1:– यू एफ मेम्ब्रेन की सफाई | 7 |
| | भाग 2:–पानी की टंकियों की सफाई | 8 |
| | भाग 3:–सेडीमेंट एंव कार्बन फिल्टर की सफाई | 8 |
| | भाग 4:–सेडीमेंट फिल्टर कैसे बदलें | 9 |
| | भाग 5:–कार्बन फिल्टर कैसे बदलें | 9 |
| | भाग 6:–यू एफ मेम्ब्रेन कैसे बदलें | 10 |
| | भाग 7:–केन्ट गोल्ड का पुनः स्थापन (जब आप लम्बी छुट्टियों पर हों) | 11 |

# परिचय

पेश है नया केन्ट गोल्ड–यू एफ मेम्ब्रेन स्टोरेज वॉटर प्युरिफायर, जिसकी शुद्धिकरण प्रणाली आपको देती है सही मायनों में शुद्ध पानी और पानी से होने वाली बीमारियों से आपके परिवार को सुरक्षा। इस अनूठे केन्ट गोल्ड के साथ, शुद्ध पानी के लिए बिजली और हानिकारक रसायनों पर निर्भरता अब पुरानी बात है।

केन्ट गोल्ड–यू एफ मेम्ब्रेन स्टोरेज वॉटर प्युरिफायर का मुख्य तत्व है उसका हॉलो–फाइबर UF मेम्ब्रेन। इस अनूठे यू एफ मेम्ब्रेन के छिद्र इतने महीन हैं कि किसी भी बैक्टीरिया (टोरे जापान द्वारा जांचा हुआ) को भी छन कर नहीं जाने देते। इस तरह बिना किसी केमिकल्स जैसे कि क्लोरीन, ब्रोमीन और आयोडीन के इस्तेमाल के बिना आपको मिलता है शुद्ध और सुरक्षित पीने का पानी।

# बॉक्स में मौजूद सामान

कृप्या बॉक्स में मौजूद निम्नलिखित सामान की पुष्टि करें।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निचली टंकी | 1 No. |
| 2. | ऊपरी टंकी | 1 No. |
| 3. | निचला स्टैंड | 1 No. |
| 4. | बीच का कवर | 1 No. |
| 5. | ऊपर का कवर | 1 No. |
| 6. | ऊपर का ढक्कन | 1 No. |
| 7. | कार्बन एसेम्बली इनलेट फनल के साथ | 1 सेट |
| 8. | हॉलो फाइबर यू एफ मेम्ब्रेन कार्ट्रिज | 1 No. |
| 9. | सेडीमेंट फिल्टर (अतिरिक्त) | 1 सेट |
| 10. | मेम्ब्रेन की सफाई के लिए 50 ML की सिरिंज | 1 No. |
| 11. | मेम्ब्रेन फिटिंग पुशर | 1 No. |
| 12. | जानकारी पुस्तिका | 1 No. |
| 13. | नल | 1 No. |

# प्रमुख विशेषताएं

- नल व नगर निगम के पानी के लिए उपयुक्त।
- हॉलो–फाइबर यू एफ मेम्ब्रेन बैक्टीरिया (टोरे जापान द्वारा जांचा हुआ) के साथ।
- केन्ट गोल्ड यू एफ मेम्ब्रेन प्युरिफायर क्लोरीन, ब्रोमीन या आयोडीन जैसे रसायनों का इस्तेमाल किये बिना ही पानी को शुद्ध बनाये।
- एक्टिवेटिड कार्बन फिल्टर के इस्तेमाल से पानी बने और भी ज़्यादा शुद्ध।
- केन्ट गोल्ड का निचला स्टैंड इस तरह से डिज़ाईन किया गया है, कि पानी गिलास में आसानी से भरा जा सके और प्युरिफायर को स्लैब या मेज़ के किनारों पर ना रखना पड़े।
- 20 लीटर की उच्च क्षमता (निचली टंकी में 13 लीटर और ऊपर की टंकी में 7 लीटर), जिसमें शुद्ध पानी हर वक्त उपलब्ध रहता है।
- फूड ग्रेड प्लास्टिक से निर्मित टंकियाँ एवं पुर्ज़े, प्युरिफायर को लम्बी उम्र और मज़बूती प्रदान करें।।

# तकनीकी विवरण

| | |
|---|---|
| मार्केटिड बाय | : **केन्ट आर ओ सिस्टम्स लि.**<br>E-6, 7 & 8, सेक्टर-59, नोएडा, यू.पी. - 201 309, इंडिया।<br>ईमेल sales@kent.co.in |
| प्रोडक्ट | : केन्ट गोल्ड यू एफ मेम्ब्रेन स्टोरेज वॉटर प्युरिफ़ायर |
| मॉडल नम्बर | : 11014 |
| प्रोडक्ट जेनरिक नाम | : वॉटर प्युरिफ़ायर |
| प्रोडक्ट कलर | : व्हाइट |
| स्थापना | : मेज़ के शीर्ष पर |
| आयाम | : 325mm (L) x 355mm (W) x 520mm (H) (इन्स्टॉलेशन के उपरांत) |
| निचली टंकी की स्टोरेज क्षमता | : 13 लीटर |
| ऊपरी टंकी की स्टोरेज क्षमता | : 7 लीटर |
| मेम्ब्रेन का प्रकार | : यू एफ मेम्ब्रेन |
| फिल्टर | : सेडिमेंट, एक्टिवेटिड कार्बन, एस एस जाली |
| यू एफ मेम्ब्रेन की अपेक्षित आयु | : 4000 लीटर / 1058 गैलन |
| कार्बन फिल्टर की अपेक्षित आयु | : 1800 लीटर / 475 गैलन |
| अधिकतम ऑपरेटिंग पानी का तापमान | : 35°C/95°F |
| न्यूनतम ऑपरेटिंग पानी का तापमान | : 10°C/50°F |
| फिल्ट्रेशन फ्लो रेट | : 0.31 लीटर प्रति मिनट |
| प्युरिफिकेशन क्षमता | : 5.8 गैलन प्रति दिन |


**WQA परफॉर्मेन्स डेटा:** NSF/ANSI-42 द्वारा एक परीक्षण अनुसार यह साबित हुआ है कि ये सिस्टम निम्नलिखित पदार्थों को कम करने में सक्षम है। पानी में दर्शाए गये पदार्थों का कॉन्सेंट्रेशन इस सिस्टम में जाने के बाद कम हुआ, ऐसा NSF/ANSI-42 द्वारा स्पष्ट रूप से सामने आया।

| पदार्थ | इन्फ्लुएंट चैलेंज कान्सेंट्रेशन | अपेक्षित घटाव |
|---|---|---|
| क्लोरिन | 2.0 mg/L ± 10% | ≥50% |

गोल्ड फिल्टर्स पानी के स्वाद को बेहतर बनाने व क्लोरीन और दुर्गंध को कम करने के लिए WQA to NSF/ANSI-42 द्वारा प्रमाणित हैं।


यह परीक्षण सामान्य प्रयोगशाला परिस्थितियों में किया गया था, हालांकि वास्तविक प्रदर्शन में भिन्नता हो सकती है।

# जानिए अपने केन्ट गोल्ड को






# केन्ट गोल्ड का विस्तृत दृश्य




**नोटः आइटम नं. 4, 8 व 11 किट में उपलब्ध हैं (20062)**

| S.no | केन्ट स्पेयर पार्ट कोड | आइटम डिस्क्रिप्शन |
|---|---|---|
| 1 | 20088 | ऊपर का ढक्कन |
| 2 | 20090 | ऊपर का कवर |
| 3 | 20093 | इनलेट फनल |
| 4 | 20064 | सेडिमेंट फिल्टर |
| 5 | 20095 | कॉर्बन हाऊसिंग |
| 6 | 20094 | कॉर्बन हाऊसिंग कैप |
| 7 | 20089 | बीच का कवर |
| 8 | 20065 | यू एफ मेम्ब्रेन |
| 9 | 20092 | निचला स्टैंड |
| 10 | 20078 | ऊपर की टंकी |
| 11 | 20063 | ग्रेन्युलर एक्टिवेटिड कार्बन |
| 12 | 20091 | एस एस जाली |
| 13 | 20067 | कॉलेट फिटिंग एसेम्बली |
| 14 | 20077 | निचली टंकी |
| 15 | 20031 | टोंटी |
| 16 | 20062 | गोल्ड स्पेयर किट |

# महत्वपूर्ण निर्देश

1. प्युरिफायर को सूर्य की रौशनी से बचा कर रखें। अधिक गर्माहट से इसकी प्लास्टिक बॉडी को नुकसान पहुँच सकता है।
2. प्युरिफायर को किसी कैबिनेट में न रखें।
3. पानी की टंकियों को हमेशा स्वच्छ रखें। उन्हें सप्ताह में एक बार स्वच्छ पानी से अवश्य साफ करें।
4. पानी की गुणवत्ता के अनुसार सेडिमेंट एवं कार्बन फिल्टर को कम से कम 30 दिनों में (या पहले) एक बार अवश्य साफ करें। पानी ज़्यादा गंदा होने पर सप्ताह में एक बार साफ करें।
5. पानी की गुणवत्ता के अनुसार यू एफ मेम्ब्रेन को कम से कम 30 दिनों में (या पहले) एक बार अवश्य साफ करें। पानी ज़्यादा गंदा होने पर सप्ताह में एक बार साफ करें।
6. सेडीमेंट फ़िल्टर को 3 महीने में एक बार अवश्य बदलें।
7 कार्बन फ़िल्टर को 6 महीने में एक बार अवश्य बदलें।
8. यू एफ मेम्ब्रेन को 12 महीने में एक बार अवश्य बदलें।
9. यदि पानी निचली टंकी में दर्शाए चिन्ह के अधिकतम स्तर पर हो, तो ऊपरी टंकी में पानी न भरें, अन्यथा पानी बाहर गिरना शुरु हो जायेगा।
10. इन्स्टॉलेशन के दिन, याद्दाश्त के लिये फिल्टर एवं मेम्ब्रेन बदलने की तिथि (निर्देश संख्या 6–8 अनुसार) प्युरिफायर पर लगे स्टीकर पर लिख लें। इस तरह आपको किसी भी पार्ट को बदलने की तिथि आसानी से याद रहेगी।
11. इस सिस्टम का इस्तेमाल केवल ठंडे पानी के साथ करें।
12. इस सिस्टम से पहले या बाद में बिना किसी योग्य डिसिंफेक्शन के असुरक्षित या अज्ञात गुणवत्ता वाले पानी का इस्तेमाल न करें।
13. इस सिस्टम का इंस्टॉलेशन राज्य के कानूनों व नियमों पर लागू होना चाहिये।


# फिल्ट्रेशन प्रक्रिया

नल व नगर निगम के पानी को 7 लीटर की क्षमता वाली ऊपरी टंकी में भरा जाता है। भरे जाने के दौरान, पानी सेडीमेंट फ़िल्टर से होकर गुज़रता है, जहाँ पर पानी में से घुलनशील अशुद्धियों को हटाया जाता है। तत्पश्चात, एक्टिवेटिड कार्बन ग्रेन्युल्स से होकर गुज़रता है, जिसकी वजह से पानी में से कसैलापन, दुर्गन्ध एवं आर्गेनिक / रसायनिक, क्लोरीन आदि अशुद्धियाँ दूर होती हैं।


अब पानी ऊपरी टंकी में एकत्रित होता है। यह पानी यू एफ मेम्ब्रेन में से होते हुए निचली टंकी में आता है। इस प्रक्रिया के दौरान, सभी बैक्टीरिया (टोरे जापान द्वारा जांचा हुआ) पानी में से निकल जाते हैं और केवल शुद्ध पानी ही निचली टंकी में एकत्रित होता है। अब यह पानी पीने योग्य है।

# केन्ट गोल्ड का इन्स्टॉलेशन


बॉक्स खोलकर सारे सामान को निकालने के बाद कृप्या सभी चीज़ों को "बॉक्स में मौजूद सामान" (पृष्ठ संख्या 1) से मिलान अवश्य कर लें। इन्स्टॉल करने से पहले, सारे पुर्ज़ों को स्वच्छ पानी से धोकर साफ कपड़े से पोछ लें।




निचले स्टैंड को समतल सतह पर रखें।




निचली टंकी को निचले स्टैंड पर रखें।




बीच के कवर को टंकी के ऊपर रखें।





मेम्ब्रेन कार्ट्रिज को गीला करने के लिए सुई (सिरिंज) में 50 मिलि लीटर शुद्ध पानी भरें और मेम्ब्रेन के अन्दर (बहाव के उल्टी दिशा में) प्रेशर से छोड़ें।



यू एफ मेम्ब्रेन को ऊपरी टंकी की फिटिंग में दबाते हुए फिट करें। यू एफ मेम्ब्रेन को पानी की दिशा के विपरीत भीतर डालते हुए सावधानी बरतें।




ऊपरी टंकी को यू एफ़ मेम्ब्रेन सहित बीच वाले कवर के ऊपर रखें।




ऊपरी कवर को ऊपरी टंकी के शीर्ष पर रखें।




फिल्टर एसेम्बली को स्थापित करने से पहले नए फिल्टर से कार्बन के अंश दूर करने के लिए बहते पानी से धोएं (यदि ज़रूरी हो तो हिलाएं)।




अब फनल को सेडीमेंट एवं कार्बन एसेम्बली सहित ऊपरी कवर पर बैठाएं।



ऊपरी ढक्कन को प्युरिफायर के शीर्ष पर लगायें।



उसे नीचे की ओर दबाते हुए घड़ी की दिशा मे घुमाएं।




अब आपका प्युरिफायर, इस्तेमाल के लिए तैयार है।


- इन्स्टॉलेशन के बाद, ऊपरी टंकी में पानी भरें व शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी होने का इंतज़ार करें।
- यद्यपि इन्स्टॉलेशन से पूर्व सारे पुर्ज़ों को अच्छे से धोया गया हो, फिर भी पहली बार शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद निचली टंकी में एकत्रित पानी का इस्तेमाल न करें।
- ऊपर की टंकी का पानी खत्म होने पर, निचली टंकी के पानी के स्तर को ध्यान में रखते हुए, ऊपरी टंकी में पानी भरें।
- यदि निचली टंकी का पानी दर्शाये गए स्तर चिन्ह से अधिक हो तो कृपया ऊपरी टंकी में पानी न भरें। हालांकि, यदि पानी का स्तर अधिकतम से नीचे हो तो आप बिना किसी चिंता के ऊपरी टंकी में पानी भर सकते हैं।
- प्युरिफायर को दोबारा से भरने के लिए ऊपर के ढक्कन को घड़ी की उल्टी दिशा में घुमाएं और हटा लें। अब फनल के माध्यम से ऊपर की टंकी में नल का पानी भरें, भरते समय ध्यान रखें कि पानी बाहर न गिरे इसलिए पानी की रफ्तार थोड़ी धीमी रखें।
- सेडीमेंट एवं कार्बन फिल्टर के द्वारा 7 लीटर पानी का शुद्धिकरण लगभग 2 मिनट में पूरा हो जाता है। हालांकि, लगातार इस्तेमाल से यह समय बढ़ भी सकता है तथा उस स्थिति में सेडीमेंट फिल्टर की सफाई कर देनी चाहिए।
- ऊपर की टंकी को भरने के बाद, ऊपर का ढक्कन हमेशा बंद करके रखें।

# केन्ट गोल्ड का रख–रखाव


## भाग 1:– यू एफ मेम्ब्रेन की सफाई



ऊपरी टंकी को निकालें



ऊपरी टंकी को उल्टा घुमाएं व समतल स्थान पर रखें




सिरिंज में 50 मि.ली. शुद्ध पानी भरें। सिरिंज को मेम्ब्रेन के खुले छिद्र पर रखें। अब सिरिंज में से पानी को मेम्ब्रेन के अन्दर धीरे–धीरे प्रवाहित करें। ज़रूरत पड़ने पर प्रक्रिया दोहरायें

**आवृतिः**


- यू एफ मेम्ब्रेन की सफाई हर 30 दिनों में हो जानी चाहिए। हालांकि, ऊपरी टंकी से निचली टंकी में आने वाले पानी का प्रवाह कम होना शुरु होने पर मेम्ब्रेन को जल्दी भी साफ किया जा सकता है।
- यू एफ मेम्ब्रेन को साल में एक बार बदलना बेहद ज़रूरी है।
- सेडीमेंट फिल्टर, कार्बन फिल्टर, यू एफ मेम्ब्रेन आदि बदले जाने वाले पार्ट्स के लिए, केन्ट आर ओ सिस्टम्स लि. के अधिकृत डीलर से संपर्क करें। या बुकलेट के पीछे दिये गये पते पर कस्टमर केयर से संपर्क करें।
- स्पेयर पार्ट्स का रिप्लेसमेंटः

| | स्पेयर कोड | विवरण |
|---|---|---|
| 20062 | 20065 | केन्ट गोल्ड यू एफ मेम्ब्रेन |
| | 20063 | एक्टिवेटिड कार्बन 190 gm |
| | 20064 | सेडीमेंट फिल्टर केन्ट गोल्ड |


# भाग 2:–पानी की टंकियों की सफाई

1. 


ऊपरी टंकी को निकालें।

2. 


इसे नल के नीचे धोयें अथवा बर्तन से पानी डालकर साफ करें।

3. 


इसे अलग रख दें।

4. 

मध्य विभाजन को हटायें और निचली टंकी को निकालें।

5. 

निचली टंकी को धोने के लिए नल के नीचे रखें अथवा उस पर बर्तन से पानी डाल कर हिलाएं।

6. 

अब सारे पुर्ज़ों को पोछ कर दोबारा से जोड़ दें (पृ. सं. 10)।

**आवृतिः** दोनों पानी की टंकियों को सप्ताह में एक बार अवश्य धोयें।


# भाग 3:–सेडीमेंट एवं कार्बन फिल्टर की सफाई

1. 


सेडीमेंट एवं कार्बन फिल्टर एसेम्बली को निकालें।

2. 

उसे उल्टा कर के रखें।

3. 

पर्याप्त पानी डालकर सेडीमेंट एवं कार्बन फिल्टर को अच्छे से धोएं।


4. 

फिल्टर एसेम्बली को नल के नीचे तेज़ धार से साफ करें।

**आवृतिः** सेडीमेंट एवं कार्बन फिल्टर को सप्ताह मे एक बार अवश्य साफ करें।


# भाग 4:—सेडीमेंट फिल्टर कैसे बदलें

1




फिल्टर हाऊसिंग को खोलते हुए, फनल से अलग करें।

2




पुराने सेडीमेंट फिल्टर को हटायें।

3



अब नए सेडीमेंट फिल्टर को लगायें।

4




फिल्टर हाऊसिंग को फनल के साथ जोड़ें।

**आवृतिः** सेडीमेंट फिल्टर को हर तीन महीने में बदलें।


# भाग 5:—कार्बन फिल्टर कैसे बदलें

1




फिल्टर के निचले ढक्कन को खोलें।

2




पुराने कार्बन कणों को कागज़ पर निकाल लें।

3



अब पैक में से नए कार्बन कणों को फिल्टर हाऊसिंग के निचले हिस्से में भरें।

4




फिल्टर हाऊसिंग के निचले ढक्कन को कस कर बंद करें। नए कार्बन ग्रैन्यूल्स से कार्बन के अंश दूर करने के लिए नए कार्बन फिल्टर को बहते पानी से धोएं (यदि ज़रूरी हो तो हिलाएं)।

**आवृतिः** कार्बन फिल्टर हर 6 महीने में बदलें।


# भाग 6:—यू एफ मेम्ब्रेन कैसे बदलें

1




ऊपरी टंकी को निकालें।

2




समतल जगह पर उल्टा कर के रखें।

3





कॉलेट को मेम्ब्रेन फिटिंग पुशर की सहायता से नीचे की ओर दबायें। जब कॉलेट नीचे की ओर दबा हुआ हो, उसी अवस्था में मेम्ब्रेन को ऊपर की ओर खींच लें ।

4




मेम्ब्रेन कार्ट्रिज को गीला करने के लिए सुई (सिरिंज) में 50 मि.ली. पानी भरें और मेम्ब्रेन के अन्दर (बहाव के उल्टी दिशा में प्रेशर से छोड़े)।

5





नए मेम्ब्रेन को ऊपर की टंकी में नीचे की ओर दबाते हुए लगा दें।

**आवृतिः** यू एफ मेम्ब्रेन साल में एक बार अवश्य बदल देना चाहिए।


# भाग 7:—केन्ट गोल्ड का पुनः स्थापन (जब आप लम्बी छुट्टियों पर हों)

1




ऊपर के ढक्कन को निकालें।

2




फिल्टर एसेम्बली को निकालें।

3




ऊपरी टंकी पर से ऊपर का कवर निकालें।

4




ऊपरी टंकी को निकालें।

5




मेम्ब्रन फिटिंग पुशर की सहायता से फिटिंग–लाक को दबाते हुए, यू एफ मेम्ब्रेन को खीचें।

6




यू एफ मेम्ब्रेन को निकालें।

7




बीच के कवर को निकालें।

8



निचली टंकी को निचले स्टैंड से अलग करें।

9



प्लास्टिक के सारे पुर्ज़ों को स्वच्छ कपड़े से अन्दर एवं बाहर से साफ़ करें और इसके उपरांत, प्युरिफायर को पुनः इन्स्टॉल करें ।

**आवृत्ति:** यदि आप 7 दिनों से लंबी छुट्टियों पर जा रहे हों, तो प्युरिफायर को किसी सुरक्षित जगह पर रख दें।